दैनिक भास्कर
BHASKARHINDI.COM

बिहार मोतिहारी में नकली नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 10 आरोपी गिरफ्तार

मोतिहारी, 1 फरवरी (आईएएनएस)। बिहार के पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) की पुलिस ने जाली (नकली) नोट बनाने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर इस नेटवर्क में शामिल 10 लोगों को गिरफ्तार किया है तथा भारत एवं नेपाल के लाखों रुपए की जाली करेंसी बरामद की है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पूर्वी चंपारण जिले के हरैया थाना क्षेत्र में दो व्यक्ति जाली नोट लेकर नेपाल से बिहार आने वाले हैं। इस सूचना के मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने तत्काल रक्सौल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हरैया थाना के बोधी माई मंदिर के पास वाहन जांच अभियान प्रारंभ किया गया।

Source: https://www.bhaskarhindi.com/other/bihar-motihari-mein-nakli-note-banane-wale-giroh-ka-bhandafod-10-aropi-giraftar-1246933